संख्या- **49/2017/1108**/33-3-2017-21/2015 टी.सी.

प्रेषक,

राहुल भटनागर,

मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,

समस्त जनपद, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक: **12** जून, 2017

विषय: स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत यूनिसेफ के वित्तीय सहयोग से 02 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत यूनीसेफ के वित्तीय सहयोग से 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 02 बैचों में किया जाना प्रस्तावित है। प्रथम बैच की कार्यशाला दिनांक 19.06.2017 से 20.06.2017 तक जिसमें 37 एवं द्वितीय बैच की कार्यशाला दिनांक 26.06.2017 से 27.06.2017 तक में 38 जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

प्रथम एवं द्वितीय बैच में सम्मिलित होने वाले जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों के निर्धारण की सूचना एवं कार्यशाला के स्थान के बारे में मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा पृथक से आपको अवगत कराया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार उक्त कार्यशाला में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राहुल भटनागर)

मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

<u>संख्या व दिनांकः- तदैव।</u>

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- **समस्त मण्डलायुक्त**, उ0प्र0।

2- **समस्त जिलाधिकारी**, उ0प्र0।

3- **निदेशक**, **पंचायतीराज** उ0प्र0।

4- **मिशन निदेशक**, **स्वच्छ भारत मिशन** (ग्रामीण) उ0प्र0।

5- **समस्त उप निदेशक**(पं0) उ0प्र0।

6- **समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी**, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in